आयोजन | माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56 हजार 414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, विकास में किसान और जवान की तरह उद्योगपतियों का भी योगदान : सीएम

# देश में माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित किया जाएगा मध्यप्रदेश










**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है। आप मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाईए, बड़े सपने देखिए, इन्हें पूरा करने में हम आपकी हर संभव मदद करेंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी में आज हुई कॉन्क्लेव में मिले निवेश प्रस्ताव यह दर्शाते है कि देश के विभिन्न अंचलों के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हर्ष जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में खनिजों की खोज और खनन क्षेत्र में नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा में यह आयोजन बहुत सफल रहा है। कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये निवेश प्रस्ताव हमें और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। शासन ने खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया। इसी तरह खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए राज्य शासन ने भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन किए गए हैं। यह एमओयू मध्यप्रदेश के खनिज क्षेत्र को ऊंचाईयां प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि तांबे का मानवता का संबंध सोने-चांदी से कही अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक विजनरी लीडर हैं। उन्होंने हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हुए गुजरात में विकास का जो मॉडल खड़ा किया, आज हम सभी उससे परिचित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमाता हमें दूध उपलब्ध कराती है और बच्चे को भी पिलाती है। भारतीय संस्कृति की धारा दोहन की है, शोषण की नहीं। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपना माल खपाने के लिए चालाकी का रास्ता अपना रहे हैं। लेकिन आज हमारे उद्योगपति आगे बढ़ रहे हैं। उद्योगपति अपने साथ दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। आइए मध्यप्रदेश से जुड़िए, यहां पर्याप्त लैंड बैंक, बिजली, पानी है। प्रदेश में जल्द ही एयर कार्गो की सुविधा भी मिलेगी और दो मेट्रोपोलिटन सिटी भी बनने जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कटनी में खनिज का भंडार है। अब तो क्रिटिकल और माइनर मैटल भी मिल रहे हैं। पन्ना में हीरे मिलते हैं तो कटनी में भी सोना मिल सकता है। राज्य सरकार ने सभी सेक्टर्स के विकास के लिए पारदर्शी नीतियां लागू की हैं। पहले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की हैं। अब सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव कर रहे हैं। आगामी 27 अगस्त को उज्जैन में स्प्रिरीचुअल कॉन्क्लेव हो रही है और ग्वालियर में भी 31 अगस्त को टूरिज्म कॉन्क्लेव होगी। राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। जब भारत 2047 तक विकसित देश बनेगा तो प्रदेश की परिस्थितियां भी बदल जाएगी। राज्य सरकार ने युवाओं के प्रशिक्षण के लिये कई योजनाएं बनाई हैं। कटनी को 25 अगस्त को बड़ी सौगात मिलने वाली है।

प्रदेश में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों के साथ अस्पताल शुरू किए जा रहे हैं। राज्य सरकार मेडिकल कॉलेज खोलने पर 1 रुपए में 25 एकड़ जमीन देगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष 25 अगस्त को 4 मेडिकल कॉलेजों के लिए एमओयू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग के लिए 29 तरह की अनुमतियों को कम करके मात्र 10 कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रम कानून में बदलाव करते हुए महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी है। प्रदेश सरकार की नीतियों से आज दूसरे राज्य भी सीख ले रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का नंबर-1 राज्य बने, इसके लिए तेज गति से कार्य हो रहे हैं। कॉन्क्लेव में राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। डॉ. चंद्र शेखर सिंह एचओडी क्रिटिकल मिलरल्स, बिरांची दास डायरेक्टर एचआरएसएसईएल, फ्रैंक नोबेल ए, डायरेक्टर एंड जीडीएम एमपी स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन और प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दुनिया की सबसे बड़ी खनन कंपनी और राज्य खनन अन्वेषण एजेंसियों के माध्यम से मध्यप्रदेश को क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देगा। खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ और खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन हुआ। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी की। मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव में राजीव मुंद्रा (कोलकाता), जेपी अग्रवाल (श्रीलंका), विवेक भाटिया (दिल्ली), वी साईंराम (कोचीन), थॉमस चेरियन (हैदराबाद) से उनकी निवेश योजनाओं और अनुभव को लेकर वर्चुअल संवाद किया। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री का आभार मानते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सहज और सरल औद्योगिक नीतियों से हम बहुत कम समय में अपनी इकाई स्थापित कर पा रहे हैं। यह अन्य किसी राज्य में संभव नहीं है। विवेक भाटिया ने कहा कि भारत में मध्यप्रदेश को बिल्कुल अलग तरह से देखा जा रहा है।

### एक नजर में

## रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला 28 को

**नवभारत,कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरूवार 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे में एक रोजगार, स्व-रोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही रोजगार के साथ-साथ, मेले में 18 से 45 वर्ष के स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को भी सहायता प्रदान की जाएगी। ऋण प्रदाता सरकारी विभाग भी उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेंगे। इस मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तक की शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेटिसशिप मेले के आयोजन से जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मेले में कई कंपनियों के प्रतिनिधि आएंगे। जिनके द्वारा बेरोजगार युवकों को योग्यता के आधार पर चयनित किया जाएगा।

## युवती से मारपीट और दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बरही थाना क्षेत्र का मामला, शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई**




**नवभारत कटनी।** बरही थाना क्षेत्र में एक युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बरही क्षेत्र से एक 19 अगस्त को एक युवती लापता हो गई थी, जिसकी जानकारी उसके परिजनों ने थाने में दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू की गई।

पुलिस ने 20 अगस्त को लापता महिला खोज लिया। युवती के बयान महिला पुलिस थाने में कराए गए। युवती ने पुलिस को बताया कि युवक द्वारा उसके साथ मारपीट कर गाली-गलौज की गई। साथ ही उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने युवती के कथनों के आधार पर डीघी गांव निवासी अंशुल पटैल के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, एसआई विनोदकांत सिंह, एएसआई दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया और विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र सिंह धार्वे के मार्गदर्शन में की गई है।

## मांग के अनुसार खाद नहीं मिलने पर किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बाकल में आयोजित की गई किसान सभा में किसानों ने बताई समस्याएं**



**नवभारत बाकल।** बहोरीबंद एवं बाकल क्षेत्र में लगातार गहराते खाद संकट को लेकर किसानों ने बाकल के वीरांगना रानी अवंती बाई तिराहा पर किसान सभा के बैनर तले बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने अपनी समस्याएं रखते हुए नाराज़गी जताई और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की।

बैठक में किसानों ने बताया कि खाद की मांग के अनुसार उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। टोकन प्रणाली के कारण किसान रात भर लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, बावजूद इसके समय पर खाद नहीं मिल पा रही। समिति प्रबंधकों द्वारा परमिट जारी किए जाने के बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रहा। किसानों ने खाद की कालाबाज़ारी को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

इसके साथ ही यूरिया के साथ तरल यूरिया खरीदने की अनिवार्यता को भी किसानों ने परेशान करने वाला बताया है। बैठक में यह भी मुद्दा उठाया गया कि सहकारी बैंकों द्वारा किसानों की उपज का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है,

जिससे किसान आर्थिक संकट गुजर रहे हैं। किसान सभा ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी और पदाधिकारी समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं करते, तो किसान उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई जाए मिट्टी की गणेश प्रतिमा

**मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण**



**नवभारत कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम और नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता के लिए ग्राम पंचायत बड़वारा में एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया ने बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को बताया कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है। कार्यशाला में उपस्थित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने प्रशिक्षण के लिए निर्धारित विषयों पर चर्चा करते हुए उनके कार्य दायित्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्राम में संस्कार केंद्र संचालन के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों का निर्माण करने, बड़ों के प्रति सम्मान का भाव, अच्छे बुरे का ज्ञान, योग आसन की जानकारी सहित बचपन से ही शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराने के बारे में बताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी भी दी। साथ ही सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्वयं बनाकर उनकी स्थापना और पूजन करने के साथ-साथ आमजन को भी इस के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मिट्टी कलाकार खिलाड़ी प्रजापति के द्वारा मिट्टी के गणेश बनाने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं कार्यशाला स्थल पर मिट्टी के गणेश अपने हाथों से बनाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान के लिए संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया और नगर विकास प्रस्फुटन समिति से कैलाश कचेर द्वारा किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत बड़वारा सरपंच सहित ग्रामीणोंकी उपस्थिति रही।

## आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में मिलेगी छूट

**तुअर दाल संघ ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार**



**नवभारत कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी।

इस अवसर पर परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा, विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111

कृषि | जिले के किसानों के लिए भेजी गई 1038 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

## किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएगी यूनिया खाद



**नवभारत, कटनी।** जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है।

इससे जिले को 1038 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले पिछले सोमवार को भी 515 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 93 मीट्रिक टन और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 175 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 350 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, एमपी एग्रो कटनी को 60-60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर ने अधिकारियों को दी है। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि किया है कि वे खाद और बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद और बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 और 07622-220071 पर दे सकते हैं।